# फर्द अहकाम

B.D. मेमोरियल बनाम कोपीराज वगैरह

Acm (FT) शाहपुरा

5/2023

| आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रुप से | विशेष विवरण |
| --- | --- | --- |
| [illegible]3/23 | उभयपक्ष उप० मौका निरीक्षण कर बंटवारा के नियमों के अनुरूप खातेदारान के मार्फ हिस्से अनुसार आवागमन हेतु रास्ते को ध्यान में रखते हुए बंटवारा प्रस्ताव तैयार कर आगामी तारीख पेशी से पूर्व भिजवाना सुनिश्चित करें। पत्रावली वास्ते प्राप्त होने बंटवारा प्रस्ताव हेतु दिनांक 19/4/23 को पेश हो। A. C. & E. M. (F. T.) SHAHPURA (JAIPUR) | |
| 19/4/23 | [illegible] पक्ष उपस्थित / अभिभाषक संघ ने न्यायिक कार्य स्थगित रखा / P.O. साहब अन्य प्रशासनिक कार्य [illegible] कर्मचारियों [illegible] हड़ताल मानसिक अवकाश पत्रावली गत आदेशानुसार दि. 22/6/23 को पेश होवे (रीडर) | |
| 22/6/23 | वकील वादी उप०। कैम्प बिदारा में पत्रावली पेश हुई। तहसीलदार शाहपुरा से प्राप्त कुर्रेजात रिपोर्ट पर वकील वादी को सुना गया। वकील वादी ने कुर्रेजात रिपोर्ट सही होना जाहिर करते हुए दावा अन्तिम डिक्री किये जाने का निवेदन किया। पत्रावली का अवलोकन किया कुर्रेजात रिपोर्ट सही होने से दावा अन्तिम डिक्री किया जाता है। आदेश आज ने लिखाया जाकर सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर शाहपुरा (जिला-जयपुर) राज. | |

प्रपत्र – 6

मूल वाद में डिक्री
(आदेश 20 के नियम 6 और 7)

# न्यायालय सहायक कलक्टर(फा.ट्रे.) शाहपुरा जिला जयपुर

ीन अधिकारी :– श्री मनमोहन मीना, आर ए एस
ंख्या :– 5/2023

शीर्षक

बी.डी. मेमोरियल कल्याण संस्थान, कृष्णा कॉलोनी खातीपुरा रोड जयपुर जरिये कोषाध्यक्ष अमित कुमार बुडानिया आयु 45 वर्ष पुत्र श्री अर्जुनसिंह बुडानिया जाति जाट, निवासी डी–1, के–5, कृष्णा कॉलोनी, खातीपुरा रोड जयपुर जिला जयपुर राज0।

–वादीगण

बनाम

गोपीराम पुत्र छोटू
धूणाराम पुत्र मांगू
प्रभुदयाल पुत्र साधूराम
रामकुंवार पुत्र साधूराम
सूरजमल पुत्र छोटू
समस्त वयस्क, जाति अहिर, निवासी खोरी, तह0 शाहपुरा, जिला जयपुर, (राज0)
यूको बैंक शाखा देवन जरिये शाखा प्रबन्धक यूको बैंक शाखा देवन, तह0 शाहपुरा जिला जयपुर
राजस्थान मूरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा खोरी तह0 शाहपुरा, जिला जयपुर जरिये शाखा प्रबन्धक राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा खोरी, तह0 शाहपुरा, जिला जयपुर (राज0)
पंजाब नेशनल बैंक (पूर्व ओरियन्टल बैंक ऑफ कामर्स) शाखा शाहपुरा, जिला जयपुर जरिये शाखा प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक शाखा–शाहपुरा, जिला जयपुर (राज0)
0. यूको बैंक शाखा–शाहपुरा, जरिये शाखा प्रबन्धक यूको बैंक शाखा–शाहपुरा, जिला जयपुर
1. उपपंजीयक अधिकारी शाहपुरा, तह0 शाहपुरा जिला जयपुर (राज0)

–प्रतिवादीगण

दावा बाबत् बंटवारा एवं स्थायी निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा–53 व 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

निर्णय दिनांक 22/6/2023

तहसीलदार शाहपुरा से प्राप्त बंटवारा रिपोर्ट अनुसार दावा अन्तिम डिक्री किया जाता है कि ग्राम ा तह0 शाहपुरा जयपुर के हाल आराजी ख0नं0 557/2543 रकबा 2.61 है0 कुल किता 1 कुल ा 2.61 है0 भूमि के खातेदारान के मध्य बंटवारा कर निम्नानुसार पृथक–पृथक खातेदार काश्तकार त किया जाता है –

1. बीडी मेमोरियल कल्याण संस्थान निवासी खातीपुरा रोड जयपुर कोषाध्यक्ष अमित कुमार पुत्र अर्जुन सिंह कौम जाट सा. डी–1/के–5 कृष्णा कॉलोनी खातीपुरा के हिस्से में आराजी खसरा नंबर 557/2543/1 रकबा 0.6250 है0 भूमि रहेगी।
2. गोपीराम पुत्र छोटू हिस्सा 49/397 जाति अहीर राहिन यूको बैंक शाखा देवन, धूणा पुत्र मांगू हि0 261/794 जाति अहीर राहिन आर.एम.जी.बी. शाखा खोरी, प्रभुदयाल पुत्र साधुराम यादव हि0 87/793 जाति अहीर राहिन आर.एम.जी.बी.खोरी, रामकुवार यादव पुत्र साधुराम यादव हि0 87/397 जाति अहीर राहिन ऑरिएन्टल बैंक ऑफ कॉर्मस शाखा शाहपुरा, सुरजमल पुत्र छोटू हि0 87/397 जाति अहीर राहिन यूको बैंक शाखा शाहपुरा के हिस्से में आराजी खसरा नंबर 557/2543/2 रकबा 1.9850 है0 भूमि रहेगी।

तहसीलदार शाहपुरा से प्राप्त बंटवारा कुर्रेजात रिपोर्ट व नक्शा ट्रेस निर्णय का जुज रहेगा। तदानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद हेतु तहसीलदार शाहपुरा को लिखा जावें। वादीगण/प्रतिवादीगण को स्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वे एक दूसरे के कब्जे काश्त में किसी तरह मजाहमत एवं दखलन्दाजी पैदा नही करें।

निर्णय आज दिनांक 22/6/2023 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

( मनमोहन मीना )
सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.)
शाहपुरा जिला जयपुर

सहायक कलक्टर
शाहपुरा (जिला जयपुर) राज.

न्यायालय सहायक कलक्टर

ाद के खर्चे

| ादी | रुपया | प्रतिवादी | रुपया |
|---|---|---|---|
| | | | |

पीठासीन अधिकारी :— श्री मनमोहन मीना, आर ए एस
संख्या :— 6/2023

शीर्षक

बी.डी. मेमोरियल कल्याण संस्थान, कृष्णा कॉलोनी खातीपुरा रोड जयपुर जरिये कोषाध्यक्ष अमित कुमार बुडानिया आयु 45 वर्ष पुत्र श्री अर्जुनसिंह बुडानिया जाति जाट, निवासी डी–1, के–5, कृष्णा कॉलोनी, खातीपुरा रोड जयपुर जिला जयपुर राज0।

—वादीगण

बनाम

1. गोपीराम पुत्र छोटू
2. धूणाराम पुत्र मांगू
3. प्रभुदयाल पुत्र साधूराम
4. रामकुंवार पुत्र साधूराम
5. सूरजमल पुत्र छोटू
समस्त वयस्क, जाति अहिर, निवासी खोरी, तह0 शाहपुरा, जिला जयपुर, (राज0)
6. यूको बैंक शाखा देवन जरिये शाखा प्रबन्धक यूको बैंक शाखा देवन, तह0 शाहपुरा जिला जयपुर
7. राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा खोरी तह0 शाहपुरा, जिला जयपुर जरिये शाखा प्रबन्धक राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा खोरी, तह0 शाहपुरा, जिला जयपुर (राज0)
8. पंजाब नेशनल बैंक (पूर्व ओरियन्टल बैंक ऑफ कामर्स) शाखा शाहपुरा, जिला जयपुर जरिये शाखा प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक शाखा–शाहपुरा, जिला जयपुर (राज0)
9. यूको बैंक शाखा–शाहपुरा, जरिये शाखा प्रबन्धक यूको बैंक शाखा–शाहपुरा, जिला जयपुर
10. उपपंजीयक अधिकारी शाहपुरा, तह0 शाहपुरा जिला जयपुर (राज0)

—प्रतिवादीगण

दावा बाबत् बंटवारा एवं स्थायी निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा–53 व 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

निर्णय दिनांक 22/6/2023

वाद संक्षेप इस प्रकार है कि आ0ख0नं0 557/2543 रकबा 2.61 है0 ग्राम खोरी तहसील शाहपुरा के 125/522 भाग का वादी, 49/552 भाग का प्रतिवादी सं0–1 व 1/4 भाग का प्रतिवादी सं0–2 व 1/12 भाग का प्रतिवादी सं0–3 व 1/6 भाग का प्रतिवादी सं0–4 व 1/6 भाग का प्रतिवादी सं0–5 खातेदार काश्तकार है, जिसकी खातेदारी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। वादी ने उपर्युक्त हाल खसरा नंबर 557/2543 रकबा 2.61 है0 के प्रतिवादी सं0–1 के 1/6 भाग में से 38/87 ...त कुल का हिस्सा 19/261 व पूर्व खातेदार गोदाराम उर्फ गोवर्धन का हिस्सा 1/6 भाग सम्पूर्ण कुल 0.6250 है0 भूमि हाल आ0ख0नं0 558/1 से लगती हुई दक्षिण दिशा की तरफ की को मय ...स्त हक, हकूक एवं हक मालिकाना एवं खातेदारी अधिकारों सहित मय पूला, पानी, मेढ, बोल, सोल ...ादि के प्रतिफल राशि अदा कर जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 05.04.2018 को खरीद कर ...जा प्राप्त किया है जिस पर वादी का खरीद के समय से कब्जा चला आ रहा है वादी की उपर्युक्त ...ीदशुदा भूमि से लगते हुए उत्तर की तरफ हाल खसरा नंबर 558/1 रकबा 0.75 है0 ग्राम खोरी की ...तेदारी वादी के नाम जरिये सदस्य सुमित कुमार बुडानिया राजस्व रिकॉर्ड में अंकित है।

वादी अपनी खातेदारी भूमि हाल खसरा नंबर 558/1 व उससे लगती हुई दक्षिण में स्थित हाल ...सरा नंबर 557/2543 के उत्तरी 125/522 भाग पर काबिज रहकर काश्त व उसका बिना किसी ...धा के पूर्ण रूप से उपयोग व उपभोग करता आ रहा है जिससे प्रतिवादीगण या अन्य किसी का कोई ...बंध अधिकार व कब्जा नहीं है। हाल आ0ख0नं0 557/2543 रकबा 2.61 है0 की खातेदारी राजस्व ...कॉर्ड में वादी व प्रतिवादीगण सं0–1 लगायत 5 के नाम वाद पत्र की खण्ड की सं0–2 में वर्णित ...स्से के अनुसार सहखातेदारी में दर्ज है व सम्मिलित खातेदारी की भूमि होने से प्रतिवादीगण ने वादी ... विरूद्ध एक नाजायज संगठन बना रखा है व वादी को उसके हिस्से व कब्जे की भूमि से जबरन ...दखल कर स्वयं जबरन कब्जा करना चाहते है जिसका कानूनन उनको कोई अधिकार नहीं है। वादी ...पनी उपर्युक्त भूमि व इसके लगते हुये उत्तर में स्थित वादी की अन्य खातेदारी भूमि खसरा नंबर ...58/1 की अर्सा–3 रोज पूर्व देखरेख कर रहा था कि प्रतिवादीगण संगठित व एकराय होकर वादी के ...हिस्से की भूमि पर जबरन कब्जा करने की धमकी दी। वादी ने उपर्युक्त भूमि उसकी खरीदशुदा व ...कब्जेशुदा होना कथन करते हुये उक्त अनुसार कानूनी बंटवारा कराने हेतु कहा तो उससे भी इनकार ...हो गये व बिना बंटवारा कराये आराजी के वादी के कब्जे व विशिष्ट भू–भाग को अन्य दीगर को रहन ...विक्रय हस्तान्तरण करने व उसका स्थानान्तरण डीड प्रतिवादी सं0–10 के कार्यालय में पंजीकरण

न्यायालय सहायक कलक्टर शाहपुरा (जिला–जयपुर)
सहायक कलक्टर शाहपुरा (जिला–जयपुर) राज.

करवाने व राजस्व रिकॉर्ड में परिवर्तन करवाने व भूमि में पुख्ता निर्माण कार्य करने की धमकी दी इसलिये वादी को प्रतिवादीगण के विरूद्ध यह वाद पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक आया।

अन्त में निवेदन किया कि हाल आराजी खसरा नंबर 557/2543 रकबा 2.61 है0 ग्राम खोरी, तह0 शाहपुरा जिला जयपुर में वादी के हिस्सा 125/522 भाग का कानूनी बंटवारा कराया जाकर वादी की खरीदशुदा उत्तरी तरफ की 0.6250 है0 भूमि वादी के बंटवारे में दी जाकर उसका पृथक से राज लगान निर्धारण कराया जाकर हाल राजस्व रिकॉर्ड व नक्शा ट्रेस में अमल दरामद करवाया जावे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को नोटिस जारी किये गए। बाद नोटिस तामिल प्रतिवादी संख्या 06 व 09 उपस्थित हुये शेष प्रतिवादीगण की तामिल जरिये रजिस्टर्ड डाक से करवाई गई, जो कि समयावधि एक माह व्यतित होने के बाद भी उपस्थित नही आये, इनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। दिनांक 29.03.2023 को प्रकरण को प्राथमिक डिक्री किया जाकर तहसीलदार शाहपुरा से बंटवारा रिपोर्ट मंगवाई गई तथा प्रतिवादी संख्या 06 व 09 के द्वारा प्रकरण को प्राथमिक डिक्री किये जाने पर कोई आपत्ति पेश नही की गई। प्रकरण में तहसीलदार शाहपुरा के पत्रांक/भू0अ0/2023/1551 दिनांक 02.06.2023 से बंटवारा रिपोर्ट प्राप्त हुई। बंटवारा कुर्रेजात पर वकीलवादी को सुना गया। वकीलवादी ने बंटवारा कुर्रेजात अनुसार वादपत्र को अन्तिम डिक्री किये जाने हेतु निवेदन किया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। बहस पर मनन किया गया। बंटवारा प्रस्ताव सही होने से दावा अंतिम डिक्री किया जाना उचित समझते है।

अतः तहसीलदार शाहपुरा से प्राप्त बंटवारा रिपोर्ट अनुसार दावा अन्तिम डिक्री किया जाता है कि ग्राम खोरी तह0 शाहपुरा जयपुर के हाल आराजी ख0न0 557/2543 रकबा 2.61 है0 कुल किता 1 कुल रकबा 2.61 है0 भूमि के खातेदारान के मध्य बंटवारा कर निम्नानुसार पृथक–पृथक खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है –

1. **बीडी मेमोरियल कल्याण संस्थान निवासी खातीपुरा रोड जयपुर कोषाध्यक्ष अमित कुमार पुत्र अर्जुन सिंह कौम जाट सा. डी–1/के–5 कृष्णा कॉलोनी खातीपुरा के हिस्से में आराजी खसरा नंबर 557/2543/1 रकबा 0.6250 है0 भूमि रहेगी।**
2. **गोपीराम पुत्र छोटू हिस्सा 49/397 जाति अहीर राहिन यूको बैंक शाखा देवन, धूणा पुत्र मांगू हि0 261/794 जाति अहीर राहिन आर.एम.जी.बी. शाखा खोरी, प्रभुदयाल पुत्र साधुराम यादव हि0 87/793 जाति अहीर राहिन आर.एम.जी.बी.खोरी, रामकुवार यादव पुत्र साधुराम यादव हि0 87/397 जाति अहीर राहिन ऑरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स शाखा शाहपुरा, सुरजमल पुत्र छोटू हि0 87/397 जाति अहीर राहिन यूको बैंक शाखा शाहपुरा के हिस्से में आराजी खसरा नंबर 557/2543/2 रकबा 1.9850 है0 भूमि रहेगी।**

तहसीलदार शाहपुरा से प्राप्त बंटवारा कुर्रेजात रिपोर्ट व नक्शा ट्रेस निर्णय का जुज रहेगा। तदानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद हेतु तहसीलदार शाहपुरा को लिखा जावें। वादीगण/प्रतिवादीगण को स्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वे एक दूसरे के कब्जे काश्त में किसी तरह मजाहमत एवं दखलन्दाजी पैदा नही करें। पर्चा डिक्री जारी। पत्रावली फैसल पार होकर दर्ज नंबर से कम हों।

निर्णय आज दिनांक 22/6/2023 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

( मनमोहन मीना )
उप जिला मजिस्ट्रेट पदेन सहायक कलक्टर
शाहपुरा जिला जयपुर

सहायक कलक्टर
शाहपुरा (जिला जयपुर)

सहायक कलक्टर